आईआईटी पटना को इंजीनियरिंग, नवाचार और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के लिए प्रथम पुरस्कार मिला

बिहटा (आससे)। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अकादमिक और तकनीकी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना ने नई दिल्ली में आयोजित 12वें वाइब्रेंट इंडिया 2026 कार्यक्रम में प्रतिष्ठित एक्सीलेंस इन इंजीनियरिंग, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (इंजीनियरिंग, नवाचार और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता) श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि एक महीने के भीतर संस्थान का दूसरा बड़ा राष्ट्रीय स्तर का सम्मान है। हाल ही में संस्थान को सिल्वर श्रेणी में प्रतिष्ठित % अवार्ड से भी नवाजा गया था। वाइब्रेंट इंडिया 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम में विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के बेहद प्रतिभाशाली छात्र शामिल थे। इस पुरस्कार विजेता टीम में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के नक्षत्र कंचन, विभूति झा और हेमंत कुमार के साथ-साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के रिशु कुमार सिंह शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, इस राष्ट्रीय मंच पर संस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले आईआईटी पटना के व्यापक दल में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के युवान वानापल्ली भी शामिल थे, जो स्टूडेंट्स जिमखाना



के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत हैं।छात्रों के इस सामूहिक प्रयास और तकनीकी दक्षता ने संस्थान को इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली श्रेणी में सर्वोच्च सम्मान दिलाया है, जो व्यावहारिक इंजीनियरिंग समाधानों को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी पटना के मजबूत इकोसिस्टम को दर्शाता है। उद्योग और प्रौद्योगिकी विकास के लिए देश की प्रमुख प्रदर्शनियों में से एक माने जाने वाले वाइब्रेंट इंडिया ने इन युवा नवोन्मेषकों को अपनी क्षमता और संस्थागत नेतृत्व प्रदर्शित करने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान किया।लगातार मिल रही यह राष्ट्रीय मान्यता—जिसमें सिल्वर श्रेणी पुरस्कार और वाइब्रेंट इंडिया चैंपियनशिप दोनों शामिल हैं—अनुसंधान की सीमाओं को आगे बढ़ाने, तकनीकी प्रगति को गति देने और इंजीनियरिंग जगत के भावी लीडर्स को तैयार करने के प्रति आईआईटी पटना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

विद्यालय भवन निर्माण में लापरवाही, डीईओ पर जुर्माना

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी प्रखंड के तिनेरी स्थित श्री जगमोहन 10+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण में हो रही लापरवाही का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना पर शास्ति अधिरोपित कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम तिनेरी निवासी अधिवक्ता अजय कुमार द्वारा लोक शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में विद्यालय के निर्माण कार्य में अनियमितता और विभागीय उदासीनता का आरोप लगाया गया था। मामले में कई बार अंतरिम आदेश जारी कर जिला पदाधिकारी, पटना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना से स्पष्ट प्रतिवेदन की मांग की गई। लेकिन हर बार लोक प्राधिकार द्वारा अधूरा और समय की मांग वाला प्रतिवेदन भेजा गया। अंचलाधिकारी, मसौढ़ी द्वारा तो आज तक अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध ही नहीं कराया गया। लगातार प्रतिवेदन अप्राप्त रहने पर द्वितीय अपीलीय प्राधिकार ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। आदेश में कहा गया है कि लोक प्राधिकार जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना पर अधिरोपित शास्ति की राशि उनके वेतन से दो हजार की राशी वसूल कर सरकारी खाते में जमा कराई जाएगी। वहीं, द्वितीय अपीलीय प्राधिकार ने जिलाधिकारी, पटना से समन्वय स्थापित कर मामले का स्पष्ट निष्पादन प्रतिवेदन अगली सुनवाई से दो दिन पूर्व उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 बजे शिक्षा विभाग, नया सचिवालय, विकास भवन, पटना में होगी।

मसौढ़ी में छात्र से मारपीट और लूट

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित गैस गोदाम के पास 6 अज्ञात युवकों द्वारा एक दलित छात्र से जाति पूछकर मारपीट और लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को पकड़ लिया है, जबकि 4 अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

डेढ़ साल के मासूम भाई की गला काटकर की हत्या, गिरफ्तार

रानीतालाब थाना क्षेत्र के जीतन छपरा गांव की घटना, दुर्गा मंदिर को सील कर फॉरेंसिक टीम ने शुरू की जांच

बिक्रम (आससे)। रानीतालाब थाना क्षेत्र के जीतन छपरा गांव में शनिवार की सुबह करीब 10 बजे एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक 21 वर्षीय युवक पर अपने डेढ़ साल के मासूम सहोदर भाई की धारदार हथियार से गला काटकर



हत्या करने का आरोप लगा है. घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही रानीतालाब थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्गा मंदिर को सील कर दिया. फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी है।

ग्रामीणों के अनुसार, रंजू यादव का 21 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार शनिवार की सुबह अपने डेढ़ साल के छोटे भाई मनीष कुमार को खेलने के बहाने घर से ले गया था. आरोप है कि वह उसे गांव स्थित दुर्गा मंदिर में ले गया, जहां धारदार हथियार से उसका गला काट दिया. इसके बाद शव को गमछे में लपेटकर घर ले आया. मासूम का शव देखते ही घर की महिलाओं में चीख-पुकार मच गई. रोने-बिलखने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जुट गए. घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर और आरोपी के घर के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किए जाने वाले धारदार हथियार को जब्त कर लिया है. साथ ही आरोपी अजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

वहीं, एक महिला ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि आरोपी कथित तौर पर सनकी स्वभाव का है और नशे का आदी है. महिला के अनुसार, वह पहले भी लोगों के साथ मारपीट करता था. करीब छह माह पूर्व उसने एक पड़ोसी का गला काटने का प्रयास भी किया था. महिला ने यह भी दावा किया कि हाल के दिनों में वह एक बच्चे का गला काटने की बात कहता था।

घटना की सूचना पर डीएसपी पालीगंज-2 पंकज कुमार, रानीतालाब थानाध्यक्ष और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं. पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में लगी है।

महिला से मारपीट और अश्लील हरकत

मसौढ़ी (आससे)। लहसूना थाना क्षेत्र के निशियावाँ गांव में एक महिला ने गांव के ही एक दर्जन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता संगीता कुमारी (32 वर्ष), पति सनोज कुमार,निशियावाँ, ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान उनके बेटे गोपी कुमार के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वह दरवाजा खोलकर बाहर निकली तो गांव के ही राजू कुमार, जितेन्द्र बिंद स्व. पमलेश बिंद और जितेन्द्र बिंद की एक बच्ची जिसका नाम उन्हें नहीं मालूम है, तीनों उनके शरीर से लिपट गए और बाल खींचकर खींचने लगे।शोर सुनकर उनके पति और बेटी प्रीति कुमारी बचाने आई तो नरेश बिंद पिता विफन बिंद, संजू देवी, चिंता देवी पति नरेश बिंद, संगीता देवी पति स्व. विनय बिंद, महेन्द्र बिंद, पिंकू कुमारी पिता नरेश बिंद, राजू कुमार, विकास कुमार पिता जिनाय बिंद, विलेन्द्र कुमार, आशिष कुमार दोनों पिता विनय बिंद और जितेन्द्र कुमार पिता स्व. कमलेश बिंद सभी लाठी-डंडा और बेल्ट से मारपीट करने लगे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान जितेन्द्र बिंद ने उनकी बेटी के गले से सोने का ढोलना छीन लिया।

बाद में आसपास के लोग जुटे और झगड़ा शांत कराया। पीड़िता ने बताया कि पूर्व में भी उनकी दो बेटियां बनु कुमारी और प्रीति कुमारी पढ़ने के लिए मसौढ़ी जाती हैं, तो रास्ते में विकास कुमार, आशिष कुमार, विकाश कुमार, राजू कुमार और विलेन्द्र कुमार उनकी बच्चियों के साथ छेड़खानी और टॉर्चर करते हैं। इसका विरोध करने पर यह घटना की गई। साथ ही आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान घर में रखा एसी, वाशिंग मशीन समेत करीब दो-तीन लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान, जो बेटी को दहेज में देना था, सभी उठाकर भाग गए।

पुलिस ने इस मामले में लहसूना थाना कांड संख्या 1352/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आबकारी टीम के पीछा करने पर पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, पति-पत्नी के पैर कटकर अलग

हादसे के बाद ग्रामीणों ने रामपुर-दुल्हिनबाजार मुख्य सड़क को किया जाम

बिक्रम (आससे)। बिक्रम थाना क्षेत्र के मझनपुरा मोड़ के पास शनिवार अहले सुबह करीब 5:40 बजे आबकारी विभाग की टीम द्वारा पीछा किए जा रहे मवेशी लदे पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दोनों के पैर कटकर शरीर से अलग हो गए. दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कर दिया गया. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने रामपुर-दुल्हिनबाजार मुख्य सड़क जाम कर नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार, खीरी मोड़ टोला बीघा निवासी मुंचुन कुमार (22) अपनी पत्नी ज्ञानती देवी (21) के साथ बाइक से पटना से पालीगंज की ओर जा रहे थे. इसी दौरान दुल्हिनबाजार की तरफ से आ रहे मवेशी लदे पिकअप (बीआर01जीआर7287) का आबकारी विभाग की टीम स्कॉर्पियो से पीछा कर रही थी. मझनपुरा पुल के पास तेज रफ्तार पिकअप चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. सूचना पर पिपलावां और बिक्रम थाने की पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप जब्त कर लिया. पिपलावां थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए पटना एम्स भेजा गया है. पिकअप में एक दर्जन से अधिक बछड़े लदे थे।

इधर, अखिल भारतीय गोवंश समिति की लता अय्यर ने संगठन के सदस्यों के सहयोग से गोवंश को



पिकअप से उतारने में मदद की. उन्होंने बताया कि वाहन में कुल 21 गोवंश लदे थे, जिनमें दो की मौत हो गई, जबकि 19 को सुरक्षित गौशाला में रखा गया है. कई गोवंश की हालत खराब थी. पशु चिकित्सक शशिकांत वर्मा घायल पशुओं के उपचार में जुटे रहे. हादसे के बाद सड़क जाम होने से आवागमन प्रभावित रहा. पुलिस ग्रामीणों को समझाकर जाम हटवाने और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी रही।

लापता युवक का शव मिला, पहुंची फॉरेंसिक टीम

बिहटा (आससे)। बीते एक दिन पूर्व शुक्रवार से लापता युवक का शव शनिवार को बिहटा थानाक्षेत्र के देवी स्थान मंदिर के पास नहर के चाट से मिलने पर स्वजन में कोहराम मच गया। घटना की सूचना लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी।मौके वारदात पर बिहटा पुलिस ने पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच टीम बुलाकर मामला का उदभेदन में जुट गई है। मृतक की पहचान बिहटा के पुराना थाना रोड निवासी स्वर्गीय सूर्यदेव बिन्द का 27 वर्षीय पुत्र प्रकांड कुमार के रूप में की जा रही है।बताया जाता है मृतक बीते एक दिन पूर्व शुक्रवार को अपराह्न में भोजन करने के बाद घर बिहटा बाजार के लिये निकला था लेकिन देर रात तक घर वापस नही लौटा।किसी अनहोनी की घटना को लेकर स्वजन खोजबीन शुरू किया। शनिवार को बिहटा देवी स्थान के समीप से गुजर रही मनेर रजवाहा नहर के चाट से उसका शव बरामद किया गया।बताया जाता है मृतक के पिता का आकस्मिक निधन कुछ वर्ष पूर्व हो गया था।विगत करीब दो सालों से सूखा नशा का आदि हो गया था। इस संबंध में बिहटा थाना प्रभारी ने मामले की पुष्टि करते हुए बतलाया कि शव की पोस्टमार्टम करवाने के बाद स्वजन को सौप पुलिस की मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक जख्मी, पीएमसीएच रेफर

मसौढ़ी (आससे)। पटना-गया फोरलेन पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के समीप शुक्रवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों की पहचान हरेंद्र कुमार (18 वर्ष) पिता बबलू रविदास, ग्राम शेखपुरा और सुधांशु कुमार (18 वर्ष) पिता शिशुपाल प्रसाद, ग्राम शेखपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों युवक पटना से बाइक पर सवार होकर अपने घर घोसी जा रहे थे। इसी दौरान नीमा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बड़े वाहन की तेज रोशनी के कारण बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क किनारे रेलिंग से टकराकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से डायल 112 की पुलिस ने दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए देर रात पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

पैक्स अध्यक्षों की बैठक में धान खरीद लक्ष्य ५० फीसदी करने की उठी आवाज

बिहटा (आससे)। शनिवार को नेउरा पैक्स के परिसर में पटना जिला अंतर्गत समस्त पैक्स अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अरविन्द कुमार उर्फ पप्पू सिंह ने की। बैठक में धान अधिप्राप्ति कार्य में निरंतर आ रही कठिनाइयों के स्थायी समाधान हेतु नीतिगत संशोधन पर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वही अरबिंद कुमार पप्पू सिंह ने कहा कि सरकार समिति को सुदृढ़ करने हेतु प्रयत्नशील है। पैक्स समिति धान की अधिप्राप्ति कर किसान को लाभान्वित करती है, जिसके बदले पैक्स को पारिश्रमिक भी दी जाती है। लेकिन बैंक के सूद में ही वह सारी राशि चली जाती है, जिससे समिति को कोई लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने सरकार से मांग की कि गनी बैग की राशि 25 रुपये से बढ़ाकर बाजार मूल्य के बराबर की जाए तथा अन्य राज्यों की तरह बिहार के किसानों को भी 300 रुपये का अतिरिक्त बोनस दिया जाए। वही बैठक में संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, दीपू कुमार, अनिल कुमार,हरेंद्र शास्त्री, बबलू कुमार एवं राजेश कुमार आदि ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में पैक्सों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पैक्स अध्यक्षो ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सरकार से मांग किया कि धान उत्पादन का कम से कम 50त्न अधिप्राप्ति का लक्ष्य प्रारंभ में ही पैक्सों को दिया जाए। धान अधिप्राप्ति में पैक्स को लगने वाले अतिरिक्त सूद (ब्याज) को माफ करते हुए पूर्व का ब्याज का भुगतान शीघ्र किया जाए। धान अधिप्राप्ति में अध्यक्ष को क्रेडिट कार्ड न देकर, धान की राशि सीधे किसान के खाते में डाली जाए। आदि की मांग करते हुए राज्य सरकार एवं सम्बंधित सभी विभागों को लिखित आवेदन दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिप्राप्ति शुरू होने से पहले उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो सभी पैक्स इस कार्य से खुद को अलग कर लेंगे।

पालीगंज (आससे) के अनुसारधान अधिप्राप्ति वर्ष 2026-27 की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को पालीगंज के पैक्स अध्यक्षों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा. उन्होंने चेतावनी दी कि 15 नवंबर से पहले मांगें पूरी नहीं हुईं तो सभी पैक्स अध्यक्ष धान खरीद का बहिष्कार करेंगे। पैक्स अध्यक्षों के अनुसार, सोन नहर से सिंचित क्षेत्र में इस वर्ष धान की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन सरकारी खरीद का लक्ष्य कम होने से किसानों को बिचौलियों के हाथों कम कीमत पर धान बेचना पड़ता है। उन्होंने अधिप्राप्ति लक्ष्य बढ़ाकर कुल उत्पादन का कम से कम 50 प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य खाद्य निगम से सीएमआर आपूर्ति का भुगतान लगभग छह महीने की देरी से होता है, जबकि किसानों को 48 घंटे में भुगतान करना होता है.इससे पैक्स पर ब्याज का बोझ बढ़ रहा है। पैक्स अध्यक्षों ने बकाया राशि की प्रतिपूर्ति, कमीशन एवं अन्य शुल्कों की दरों में वृद्धि और बोरे की दर 25 से बढ़ाकर 75 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। मौके पर सुमेर सिंह,उमेश सिंह, विजय सिंह, अनुराग शर्मा, मेनका देवी, रिंकू सिंह सहित कई पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

शिक्षक के बंद मकान से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

फतुहा आससे। थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने फतुहा थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की गुहार लगाई है। पीड़ित रविजय कुमार के अनुसार, वह मूल रूप से नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के निवासी हैं और वर्तमान में फतुहा के कृष्णा नगर मोहल्ले में



किराये के मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि मकान के ऊपरी हिस्से में शिक्षक प्रणय कुमार प्रभाकर अपने परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। प्रणय कुमार प्रभाकर समस्तीपुर जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, मकान मालिक शिव कुमार कोरियाई क्षेत्र में एयरफोर्स में कार्यरत बताए गए हैं। आवेदन के मुताबिक, मकान के निचले हिस्से में स्थित एक खिड़की की जाली तोड़कर चोर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने किरायेदार के कमरे को निशाना बनाया और अलमारी में रखे कीमती सामान चोरी कर लिए। चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आवेदन में बताया है कि चोरी गए सामान में सोने की कानबाली, सोने की नथिया, दो सोने की मांगटीका, सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां, चांदी की पायल तथा करीब 1.20 लाख रुपये नकद शामिल हैं। इसके अलावा एक कीमती साड़ी भी चोरी होने की बात कही गई है। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये में बताई गई है, हालांकि उसका सटीक मूल्यांकन नहीं हो सका है। आवेदक ने बताया कि घटना के समय मकान में रहने वाले दोनों किरायेदार अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। प्रणय कुमार प्रभाकर अपने परिवार के साथ गांव गए थे, जबकि दूसरे किरायेदार भी घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया है।

बधार में युवक का मिला शव, अपहरण कर हत्या का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना के गुलरीया बिगहा गांव में शनिवार की सुबह एक खेत के बधार में एक युवक का शव फेंका हुआ मिला है। शव मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गुड्डू कुमार उर्फ भोली (उम्र 28 वर्ष) पिता सामरिक प्रसाद उर्फ भवसागर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुड्डू कुमार पटना में काम करता था और शुक्रवार को पटना के लिए घर से निकला था। शाम के बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा था। परिजनों को लगा कि वह पटना में ही रुक गया होगा, लेकिन शनिवार सुबह सूचना मिली कि उसका शव खेत के किनारे बधार के पास पड़ा हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक का अपहरण कर उसे करंट लगाकर और मारपीट कर हत्या कर दी गई है। शव को खेत में फेंक दिया गया।



मृतक शरीर पर कई जगह पर कटे और जले का निशान था, घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमित कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशीष राज दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। वही शाम 5:00 बजे एफएसएल के टीम पहुंची है और घटनास्थल में तकनीकी अनुसंधान की जरिए सैंपल जुटाने में लगी रहे, उसके बाद देर शाम तक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि गुलरिया बीघा गांव में इस तरह की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तारेगना मुशहरी गांव में अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित चंदन कुमार (26 वर्ष), पिता कोसूम मांझी, थाना-मसौढ़ी, ने बताया है कि रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। रात में किसी अज्ञात चोर ने उनकी बाइक चुरा ली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला।

जेल भेजे गये हत्याकांड के तीनों अभियुक्त

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना के पुलिस द्वारा काजू हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्त को गिरफ्तारी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उपकारा मसौढ़ी भेज दिया गया है आपको बताते चलें कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास खूनी वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शराब पार्टी और पैसे के लेन-देन के विवाद में दोस्तों ने ही अपने साथी काजू कुमार को ईंट-पत्थर से कूच-कूच कर मौत के घाट उतार दिया और शव को हॉल के प्लेटफॉर्म पर फेंक कर फरार हो गए थे। मृतक काजू कुमार पिता दीनानाथ यादव मलमाचक बताया जा रहा है। घटना को लेकर मसौढ़ी थाना में कांड संख्या 1031/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि इस सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में पूरा खौफनाक सच सामने आया।

पुलिस के अनुसार काजू कुमार को उसके दोस्तों ने प्लान बनाकर छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट पर बुलाया था। वहां सभी ने एक साथ बैठकर शराब पी। शराब के नशे में शराब की खरीद-बिक्री और पुराने पैसे के लेन-देन को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया और सभी दोस्तों ने मिलकर ईंट और पत्थर से कूच कर काजू कुमार की बेरहमी से हत्या कर दी। गिरफ्तार तीनों हत्यारों की पहचान रोहित कुमार उम्र 26 वर्ष, पिता तरुण पासवान, साकिन डीह मसौढ़ी. रविकांत उम्र 25 वर्ष, पिता रजनीकांत, साकिन धनौती. रंजीत कुमार पिता दयानंद ठाकुर, साकिन महादेवपुर, सभी थाना मसौढ़ी, जिला पटना के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया बाकी बच्चे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संदेह वाले इलाके में छापामारी जारी है।

ससुराल से लाखों के गहने लेकर प्रेमी संग फरार हुई विवाहिता

मसौढ़ी (आससे)। लहसुना थाना क्षेत्र के मलहचक गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ ससुराल से 5 लाख रुपये के गहने-जेवरात लेकर फरार हो गई। मामले को लेकर ससुर ने थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। ससुर अवधेश प्रसाद ग्राम-मलहचक, थाना-लहसुना के थाने को दिए आवेदन में बताया है कि उनकी बहू नीतू कुमारी बिते शाम करीब 6 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह घर में रखे करीब 5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात भी साथ ले गई है।

ससुर ने आवेदन में एक युवक अनीश कुमार जो ओकरी जहानाबाद के रहने वाला है, पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अनिश कुमार ही उनकी बहू को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। दोनों के बीच पहले से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बहू के फरार होने के बाद से ससुराल पक्ष में हड़कंप मचा हुआ है। ससुर की शिकायत पर लहसुना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती और युवक दोनों के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया गया है और जल्द ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

रेल जन संवाद में यात्रियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

फतुहा आससे। फतुहा रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की समस्याओं को सुनने और रेलवे सुविधाओं में सुधार को लेकर रेल जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारियों, स्थानीय लोगों और यात्रियों ने भाग लिया। इस दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा किए जाने की बात सामने आई है। कार्यक्रम के दौरान रेलवे से जुड़े प्रतिनिधियों ने लोगों की समस्याओं और सुझावों को सुना। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस तरह के जन संवाद से फतुहा रेलवे स्टेशन की समस्याएं रेलवे के वरीय अधिकारियों तक पहुंचेंगी और उनके समाधान की दिशा में पहल होगी। फतुहा रेलवे स्टेशन पटना जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल है। यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में स्टेशन पर बेहतर यात्री सुविधाएं, स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा जैसे विषय स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं।रेल जन संवाद कार्यक्रम के बाद अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि स्टेशन की व्यवस्था में सुधार के लिए कौन-कौन से ठोस कदम उठाए जाते हैं। हालांकि, स्टेशन के कायाकल्प या किसी विशेष विकास योजना की आधिकारिक घोषणा की पुष्टि उपलब्ध तस्वीर से नहीं होती है। अब सवाल यह है कि क्या रेल जन संवाद के बाद फतुहा रेलवे स्टेशन की तस्वीर बदलेगी और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी ? स्थानीय लोगों को रेलवे से सकारात्मक पहल की उम्मीद है।

कार गड्ढे में पलटी, तीन जख्मी

मसौढ़ी (आससे)। पटना-गया स्टेट हाईवे-1 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नसीरनाचक गांव के समीप टर्निंग पॉइंट पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार में सवार तीन युवक जख्मी हो गए। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सफेद रंग की कार पटना से गया की ओर जा रही थी। नासीरनाचक गांव के समीप टर्निंग पॉइंट पर तेज रफ्तार के कारण चालक ने संतुलन खो दिया और कार सीधे झाड़ी वाले गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकालकर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मियों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार सवार कहां से कहां जा रहे थे।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर, एम्स रेफर

नौबतपुर (आससे)। नौबतपुर-भुसौला ओल्ड एनएच-139 पर मोतीपुर गांव के समीप शनिवार को तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया।



स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 102 की टीम ने घायल युवक को सड़क से उठाकर नौबतपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने पटना एम्स रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, हादसे में युवक की जांघ की हड्डी टूट गई है। इसके अलावा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक की पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के अवगिला निवासी पप्पू देव के पुत्र भूमि कुमार के रूप में हुई है। हादसा मोतीपुर गांव से कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ।

इस संबंध में नौबतपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। टक्कर मारकर फरार हुए पिकअप और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।